भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3425
उत्तर देने की तारीख 16.12.2024

मैथिली और मगधी भाषाएं

3425. श्री विवेक ठाकुर :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास मैथिली और मगधी भाषाओं को प्राचीन भाषा घोषित करने का कोई प्रस्ताव लंबित है या विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): मैथिली और मगधी भाषाओं को प्राचीन भाषा घोषित करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल विचाराधीन नहीं है। किसी भाषा को प्राचीन भाषा घोषित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, संबंधित राज्य सरकार की ओर से अनुशंसाओं सहित एक विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित होता है जिसकी पात्रता का मूल्यांकन करने हेतु भाषायी विशेषज्ञ समिति के समक्ष रखा जाता है।

****